एक नजर में

250 मरीजों को मिला स्वास्थ्य परामर्श

सुसनेर, 14 जुलाई . विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा आयोजित सेवा सप्ताह के अंतर्गत मंगलवार को मालीपुरा स्थित देवनारायण मंदिर परिसर में एक दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया. शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा. शिविर में करीब 250 मरीजों ने पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया और विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया. शिविर का शुभारंभ सुबह करीब 11 बजे हुआ. इस दौरान मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. यश रूपारिया एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रखर यादव ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय सलाह दी. नर्सिंग स्टाफ ने भी पूरे शिविर के दौरान मरीजों की जांच एवं व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. मरीजों का ब्लड प्रेशर एवं शुगर की नि:शुल्क जांच की गई तथा आवश्यकतानुसार उपचार संबंधी परामर्श भी दिया गया. चिकित्सा शिविर में बड़ी संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग, युवा एवं ग्रामीणजन पहुंचे. स्वास्थ्य जांच के बाद चिकित्सकों ने लोगों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने तथा मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों से बचाव के उपायों की जानकारी भी दी. विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के पदाधिकारियों ने बताया कि सेवा सप्ताह के माध्यम से संगठन केवल धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज सेवा के विभिन्न कार्यों के माध्यम से जनकल्याण का संदेश भी दे रहा है. इसी उद्देश्य से स्वच्छता अभियान, पौधारोपण, मंदिरों की साफ-सफाई तथा चिकित्सा शिविर जैसे कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं. इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के विहिप जिला उपाध्यक्ष भरत भावसार, बजरंग जिला संयोजक अनिल कावल, प्रखण्ड उपाध्यक्ष शिवम शर्मा, प्रखंड सह मंत्री मनीष राठौर, प्रखण्ड संयोजक अनुराग कानुडिया आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

जेठड़ा-कालापीपल मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत



शुजालपुर, 14 जुलाई . जेठड़ा-कालापीपल मार्ग पर ग्राम जामनेर स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल के समीप मंगलवार शाम दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई .हादसे में दोनों बाइक सवार घायल हो गए. सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची 108 एम्बुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गए. राहगीरों ने तत्काल मानवता का परिचय देते हुए 108 एम्बुलेंस और पुलिस को सूचना दी. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार एक युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है. पुलिस के अनुसार एक घायल का नाम सागर पिता नारायण सिंह राजपूत 25 वर्ष निवासी अकोदी का है एवं दूसरा घायल बबलू पिता रामसिंह अहिवार 37 वर्ष निवासी सतपिपलिया जिला सीहोर का है. बबलू की हालत चिंता जनक बताई जा रही है, बबलू जामनेर में आयोजित समाजिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आया था. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों बाइक आमने सामने टकराई और गति तेज होने के कारण दोनों बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त भी हुई. घटना की जानकारी लगने पर पुलिस भी अस्पताल पहुंची. उधर 108 ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया जहां पर उनका उपचार जारी है.

जिले में पत्रकारों का सहयोग रहेगा हमेशा याद

शाजापुर, 14 जुलाई . अपराधों के नियंत्रण में जितना काम पुलिस का होता है, वैसी ही भूमिका पत्रकारों की होती है, जो हमें जरूरी सूचनाएं पहुंचाने में अहम भूमिका निभाते हैं. जिससे हमें अपने काम में आसानी होती है. शाजापुर जिले में पत्रकारों का सहयोग हमेशा याद रहेगा. यह बात शाजापुर से स्थानांतरित हुए पुलिस अधीक्षक यशपालसिंह राजपूत ने प्रेस क्लब शाजापुर द्वारा आयोजित विदाई समारोह में कही. इस अवसर पर नवागत एसपी प्रियंका शुक्ला का भी स्वागत कर शुभकामनाएं दी गई. मुख्य अतिथि विधायक अरुण भीमावद ने कहा कि प्रेस क्लब हमेशा सांस्कृतिक और और रचनात्मक आयोजनों में आगे रहा है. अतिथि परिचय एवं स्वागत संगठन मंत्री विकास सिंदल ने किया. कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. रवि पांडे, कांग्रेस प्रदेश महासचिव रामवीरसिंह सिकरवार, कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेश्वरप्रतापसिंह तथा सर्व हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष पं. आशीष नागर उपस्थित रहे. अध्यक्षता दीपक चौहान ने की.

हाईवे से हटवाए ठेले, व्यापारियों को दी सख्त चेतावनी

शाजापुर, 14 जुलाई . शहरी हाईवे पर डिपो के पास सड़क पर अव्यवस्थित तरीके से ठेले खड़े कर व्यापार कर रहे लोगों को नगर पालिका और पुलिस प्रशासन ने मिलकर बड़ी कार्रवाई की. इन ठेलों की वजह से यहां लगातार जाम लग रहा था और किसी बड़े हादसे का डर बना हुआ था. टीम ने मौके पर पहुंचकर सड़क पर लगे ठेलों को हटवाया और उन्हें सड़क से नीचे व्यवस्थित तरीके से लगवाया. कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने सभी ठेला लगाने वालों को सख्त हिदायत दी कि वे सड़क पर दोबारा कब्जा न करें. ठेले वाले अपनी तय सीमा में ही दुकान लगाएंए इसके लिए टीम ने मौके पर चूने की लाइन भी खिंचवा दी. दुकानदारों को चेतावनी दी गई है कि अगर किसी ने भी चूने की लाइन से बाहर सड़क पर ठेला या गाड़ी लगाई तो नगर पालिका उनका सामान जब्त कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी. मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीएमओ भूपेंद्र कुमार दीक्षित ने बताया कि फिलहाल सभी ठेला चालकों को समझाईश देकर व्यवस्थित कर दिया गया है. इसके बाद भी यदि कोई नियम तोड़कर सड़क पर अतिक्रमण करेगा तो नगर पालिका कानून के तहत उसका सामान जब्त कर लिया जाएगा. प्रशासन ने सभी दुकानदारों से शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने में सहयोग की अपील की है.

एसडीएम का अतिरिक्त प्रभार देवकुंवर सोलंकी को सौंपा

आगर मालवा, 14 जुलाई . मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग भोपाल के आदेशानुसार किरण बरवड़े प्रभारी डिप्टी कलेक्टर का प्रशासनिक आधार पर जिला सीहोर स्थानांतरण किया गया है. बरवड़े को नवीन पदस्थापना स्थल जिला सीहोर हेतु 14 जुलाई को दोपहर पश्चात भारमुक्त किया गया है. कलेक्टर प्रीति यादव द्वारा किरण बरवड़े के स्थानांतरण के फलस्वरूप सुसनेर नलखेड़ा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी का प्रभार, प्रभारी डिप्टी कलेक्टर देवकुंवर सोलंकी को आगामी आदेश पर्यंत अस्थाई रूप से सौंपा गया है. यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा.

जीवनदान के लिए बारिश की बाट जोह रही फसलें

जिले में शत-प्रतिशत हुई बोवनी, किसान कर रहे बारिश का इंतजार

शाजापुर, 14 जुलाई. शाजापुर जिले के खेतों में इन दिनों एक अजीब सी खामोशी और चिंता का माहौल है. आसमान में छाये बादल तो दिख रहे हैं, लेकिन बरसने का नाम नहीं ले रहे. खरीफ फसलों की बुआई के लिए जो उत्साह कुछ समय पहले किसानों में था, वह अब गहरी चिंता में बदल चुका है. जिले में शत-प्रतिशत बोनी का काम पूरा हो चुका है, लेकिन अब फसलें जीवनदान के लिए बारिश की बाट जोह रही हैं.

खरीफ फसलें, विशेष रूप से सोयाबीन और मक्का जैसी प्रमुख फसलें, इस समय अपने विकास के महत्वपूर्ण चरण में हैं. इन फसलों को अपनी बढ़वार के लिए लगातार नमी की आवश्यकता होती है. मानसून की लंबी खेंच ने स्थिति को नाजुक बना दिया है. पर्याप्त बारिश न होने के कारण मिट्टी की ऊपरी परत सूख चुकी है, जिससे पौधों की जड़ों तक पोषण नहीं पहुंच पा रहा है. समय पर सिंचाई के लिए जल स्रोतों में भी पानी की कमी है. भूजल स्तर गिरने के कारण बोरवेल और कुएं अब पहले जैसा साथ नहीं दे रहे. कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यदि आने वाले कुछ दिनों में अच्छी बारिश नहीं हुई, तो पौधों की बढ़वार रुक जाएगी, जिससे अंतत: पैदावार में भारी गिरावट आना तय है.

आसमान की ओर टकटकी

शाजापुर का किसान, जो अपनी मेहनत से धरती का सीना चीरकर सोना उगाने का माद्दा रखता है, आज पूरी तरह से प्रकृति की दया पर निर्भर है. खेतों में लहलहाने की उम्मीद लिए बीज बोने वाला किसान अब रोज आसमान की ओर देख रहा है. कहीं-कहीं फसलों के पीले पड़ने की शुरुआत हो चुकी है, जिसे देखकर किसानों का कलेजा मुंह को आता है. यह केवल एक आर्थिक नुकसान का मामला नहीं है, यह उन लाखों परिवारों के सपनों का सवाल है जिन्होंने कर्ज लेकर और कर्ज से ज्यादा उम्मीदों के साथ खेतों में पसीना बहाया है. सिंचाई के आधुनिक साधनों का अभाव और वर्षा आधारित खेती की निर्भरता आज फिर से इस बात को रेखांकित करती है कि प्रकृति का संतुलन बिगड़ने पर सबसे बड़ी मार अन्नदाता पर ही पड़ती है.

कृषि वैज्ञानिकों ने दी ये सलाह...

बारिश की लंबी खींच के कारण सोयाबीन फसल में पानी की कमी महसूस हो रही है. कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. एसएस धाकड़, डॉ. गायत्री रावल, डॉ. डीके तिवारी एवं डॉ. मुकेश सिंह ने खेतों पर भ्रमण के बाद किसानों को ऐसी परिस्थिति से निपटने के लिए कुछ उपयोगी सलाह दी गई है. कुएं या अन्य सिंचाई का साधन उपलब्ध होने पर हल्की सिंचाई मिनी स्प्रिंकलर से करें, किसान वर्षा जल को रिचार्ज करने हेतु कुआं रिचार्ज, नलकूप रिचार्ज या खेत में जलनिकास नाली के जल वर्षा जल बहाव की दिशा में भूजल संवर्धन संरचना बनाएं, जिससे वर्षा जल रिचार्ज हो सके. सोयाबीन 15 दिनों से ज्यादा की हो चुकी है, ऐसे में किसान खेतों में ट्रेक्टर चालित/बैल चालित/हस्त चालित डोरा चलाकर नमी संरक्षित करें.

ताकि नमी का लाभ फसलों को मिल सके

जिले में बोवनी का कार्य लगभग शत-प्रतिशत पूर्ण हो चुका है. किसानों को सोयाबीन में खरपतवार नियंत्रण के विभिन्न उपाय करने की सलाह दी गई है. किसान कल्याण तथा कृषि विकास उपसंचालक ने बताया कि सोयाबीन की फसल में बुआई के बाद पहले 30 से 34 दिन खरपतवार नियंत्रण के लिए सबसे महत्वपूर्ण होते हैं. खरपतवार के कारण सोयाबीन फसल के उत्पादन में होने वाले नुकसान को कम करने के लिए फसल को प्रारंभिक 45 दिन खरपतवार मुक्त रखना अत्यंत आवश्यक है. किसानों को सलाह दी गई है कि किसान अपनी सुविधा अनुसार खरपतवार नियंत्रण की विभिन्न अनुशंसित विधियों जैसे डोरा चलाना, कुल्पा हाथ के निदाई गुढ़ाई रासायनिक खरपतवारनाशक में से किसी एक का प्रयोग करें. साथ ही खेत को खरपतवार से साफ रखें, ताकि उपलब्ध नमी का लाभ फसल को मिल सके. जिन कृषकों ने बोनी पूर्व या बोनी के तुरन्त बाद उपयोगी खरपतवारनाशक का छिड़काव किया है, उन्हें सलाह दी जाती है कि 20 से 30 दिन की फसल होने पर डोरा कुल्पा चलाएं.

नशे के खिलाफ आज निकलेगी जनजागरूकता रैली

शुजालपुर, 14 जुलाई. पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत 15 जुलाई बुधवार को शुजालपुर में वृहद जनजागरूकता रैली का आयोजन किया जाएगा. रैली का आयोजन थाना शुजालपुर मंडी द्वारा किया जा रहा है. रैली का शुभारंभ प्रात: 9.15 बजे सीएम राइज विद्यालय परिसर से होगा. इसमें शहर के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, छात्र संगठन तथा सीएम राइज विद्यालय के छात्र-छात्राएं शामिल होकर नशामुक्त समाज का संदेश देंगे. पुलिस विभाग ने बताया कि यह आयोजन पुलिस महानिदेशक के निर्देशन में प्रदेशव्यापी जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत किया जा रहा है. रैली के माध्यम से युवाओं और आमजन को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया जाएगा. थाना शुजालपुर मंडी प्रभारी ने सभी नागरिकों से निर्धारित समय पर उपस्थित होकर इस जनजागरूकता अभियान में सहभागिता निभाने की अपील की है.

रेलवे फाटक के पास कार सवार युवकों से मारपीट

शुजालपुर, 14 जुलाई. रेलवे फाटक के पास कार सवार तीन युवकों के साथ मारपीट और कार में तोड़फोड़ का मामला सामने आया है. पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर दो आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

पुलिस के अनुसार अकोदिया निवासी सुनील कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने मित्र कपिल राठौर और विकास कुशवाह के साथ रविवार रात करीब 11. 30 बजे कार क्रमांक एमपी 13 जेडजी 8977 से अकोदिया लौट रहा था. शुजालपुर मंडी स्थित रेलवे फाटक के पास कृष्णा पान की दुकान पर गुटखा-सिगरेट लेने के लिए रुके थे. इसी दौरान बड़ी मस्जिद के पास रहने वाला राज वाल्मीकि अपने साथी सन्नी के साथ वहां पहुंचा और कार की लाइट बंद करने को कहा. फरियादी के अनुसार लाइट बंद करने की बात कहने पर दोनों आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी. विरोध करने पर राज वाल्मीकि ने डंडे से हमला कर दिया, जिससे सुनील की पीठ में चोट आई. फरियादी ने पुलिस को बताया कि बीच-बचाव करने आए विकास कुशवाह पर आरोपी सन्नी ने पान की दुकान से कांच की बरनी उठाकर फेंक दी, जिससे उसके पैर के पंजे में चोट लगी. वहीं राज वाल्मीकि ने डंडे से कार पर हमला कर पीछे का कांच तोड़ दिया. आरोप है कि कपिल राठौर के साथ भी थप्पड़ और मुक्कों से मारपीट की गई. घटना के दौरान पान दुकान संचालक कृष्णा ने बीच-बचाव किया.

एक दर्जन गांवों को जोड़ने वाली सड़क हो रही खस्ताहाल

सड़क सुधार की मांग को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्टर कार्यालय में किया प्रदर्शन

शाजापुर, 14 जुलाई. कृषि उपज मंडी के पीछे से गुजरने वाली जर्जर सड़क के निर्माण की मांग को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया गया. यह सड़क बमोरी, पिंदोनिया, पचोला, रिछोदा, मेंहदी, लड़ावद, खेड़ा बमोरी, पिंदोनिया खेड़ा, रामपुरा और मेवासा सहित कई गांवों के ग्रामीण कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने पहुंचे. उन्होंने सड़क का निर्माण शीघ्र शुरू कराने की मांग की.

ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क करीब 10 से 12 गांवों को शाजापुर शहर से जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है. सड़क की खराब हालत के कारण शाजापुर पहुंचने में पहले जहां 15 मिनट लगते थे, लेकिन अब एक घंटे से ज्यादा का समय लग रहा है. इससे विद्यार्थियों, किसानों, व्यापारियों और आम लोगों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

सारी प्रक्रिया पूरी, फिर भी काम ठप्प

ग्रामीणों ने कलेक्टर ऋजु बाफना को दिए गए आवेदन में आरोप लगाया कि सड़क निर्माण के लिए टेंडर स्वीकृत होने और आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी होने के बावजूद काम शुरू नहीं किया गया है. इस खराब सड़क के कारण सबसे ज्यादा परेशानी मरीजों को हो रही हैए जिन्हें अस्पताल तक ले जाना मुश्किल हो रहा है. ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे. उन्होंने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई कर वर्षों पुरानी इस समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की.

दुर्घटनाओं का भी बढ़ रहा खतरा

ग्रामीणों ने बताया कि बमोरी से मार्ग की सड़क पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो चुकी है. बारिश के दौरान सड़क पर पानी भर जाने से गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है. उन्होंने कहा कि वह पिछले 14 वर्षों से प्रतिदिन इस मार्ग से आवागमन कर रहे हैं और रोजाना भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है. हालांकि अधिकारियों ने एक माह के अंदर निर्माण शुरू होने का आश्वासन दिया है. जिसके बाद ग्रामीण अपने गांव लौट गए.

15 से 17 जुलाई तक सामूहिक अवकाश पर रहेंगे पटवारी

लंबित मांगों को लेकर आंदोलन का पहला चरण, तहसीलों में सामुहिक अवकाश के आवेदन सौपे

शुजालपुर, 14 जुलाई. मध्य प्रदेश पटवारी संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर जिले के सभी पटवारी 15 जुलाई से 17 जुलाई तक सामूहिक अवकाश पर रहेंगे. यह निर्णय वर्षों से लंबित कैडर रिव्यू, पदोन्नति और समयमान वेतनमान जैसी मांगों के निराकरण की मांग को लेकर चरणबद्ध आंदोलन के तहत लिया गया है.

जिला पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष हरिओम हनोतिया ने बताया कि पटवारी संवर्ग लंबे समय से अपनी न्यायोचित मांगों को लेकर शासन का ध्यान आकर्षित करता रहा है, लेकिन अब तक कोई ठोस और सकारात्मक निर्णय नहीं होने से संगठन को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा है. उन्होंने बताया कि आंदोलन के पहले चरण में 15 से 17 जुलाई तक जिले के सभी पटवारी सामूहिक अवकाश पर रहेंगे. संघ ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि सामूहिक अवकाश के दौरान राजस्व संबंधी कार्यों और अन्य शासकीय सेवाओं में अस्थायी व्यवधान आ सकता है. इसके लिए संगठन ने नागरिकों से क्षमायाचना करते हुए सहयोग और समर्थन की अपेक्षा जताई है. जिलाध्यक्ष हनोतिया ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन किसी व्यक्ति या आमजन के खिलाफनहीं, बल्कि लंबे समय से लंबित कर्मचारियों की मांगों के निराकरण के लिए विवश होकर किया जा रहा है. उन्होंने शासन से मांग की कि कैडर रिव्यू, पदोन्नति और समयमान वेतनमान सहित अन्य लंबित मांगों का शीघ्र समाधान किया जाए, ताकि कर्मचारियों को आंदोलन का सहारा न लेना पड़े और आमजन को भी असुविधा का सामना न करना पड़े. जिले की सभी तहसीलों में पदस्थ पटवारियों ने तहसील मुख्यालय पर पहुंचकर सामुहिक अवकाश के आवेदन अधिकारी को सौंपे

चालक उतरा टायर देखने, पीछे से दूसरे ट्रक ने मार दी टक्कर

वाहन में फंस गया चालक
रेलिंग काटकर निकाला शव

शाजापुर, 14 जुलाई. सारंगपुर बाईपास पर सोमवार सुबह करीब 10 बजे एक सड़क हादसे में ट्रक चालक की मौत हो गई. चालक सड़क किनारे ट्रक खड़ा कर टायरों की जांच कर रहा था, तभी पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी.

मृतक की पहचान 38 वर्षीय बन्टू पिता बीरी सिंह के रूप में हुई है जो उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद स्थित आलमपुर कोटला हिम्मतपुर का निवासी था. टक्कर इतनी भीषण थी कि चालक वाहन में फंस गया. उसे रेलिंग काटकर बाहर निकाला गया. ट्रक के हेल्पर सचिन ने बताया कि वे दिल्ली से पार्सल लेकर मुंबई जा रहे थे. सारंगपुर बायपास पर चालक ने ट्रक साइड में खड़ा कर टायर देख रहा था. तभी हादसा हो गया. घायल चालक को पहले सारंगपुर अस्पताल ले जाया गया, जहां से शाजापुर जिला अस्पताल रैफर किया गया. हालांकि, रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया. अस्पताल पुलिस चैकी पर तैनात एसआई बाबूलाल दबी ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है. पुलिस ने मर्ग कायम कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है.

दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान

शाजापुर, 14 जुलाई. पशुपालकों की आय में वृद्धि, दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा 13 से 18 जुलाई तक दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान संचालित किया जा रहा है. पशु चिकित्सा अधिकारी एवं मैत्री गौसेवक जिले के पशुपालकों के घर-घर जाकर उनसे प्रत्यक्ष संपर्क स्थापित करेंगे. इस दौरान पशुपालकों को नस्ल सुधार, संतुलित पशु पोषण, पशु स्वास्थ्य प्रबंधन, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान तथा सेक्स-सॉर्टेड सीमेन के उपयोग एवं उससे होने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी.

मंडी से सोयाबीन की चोरी करते दिखे बदमाश, व्यापारियों ने जताई नाराजगी

पुलिस को सौंपे फुटेज, आरोपियों के खिलाफ की कड़ी कार्रवाई की मांग

शाजापुर, 14 जुलाई. एबी रोड स्थित कृषि उपज मंडी से अज्ञात बदमाश सोयाबीन की बोरी चुरा ले गए. यह घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है, जिसका फुटेज व्यापारियों ने पुलिस को सौंपकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है.

मंडी अध्यक्ष किरणसिंह ठाकुर ने बताया कि रविवार को मंडी से सोयाबीन की एक बोरी चोरी हुई थी. इसके बाद सोमवार को मंडी परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की गई. फुटेज में दो संदिग्ध युवक मंडी से सोयाबीन की बोरी चोरी करते हुए स्पष्ट दिखाई दिए. इसके आधार पर मंडी प्रबंधन ने संदिग्धों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है. घटना के बाद कृषि उपज मंडी के व्यापारियों में भी नाराजगी देखने को मिली. व्यापारियों ने मंगलवार दोपहर 2 बजे मंडी सचिव को ज्ञापन सौंपकर चोरी की घटना की

निष्पक्ष जांच कराने, आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी करने और मंडी परिसर की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की. व्यापारियों का कहना है कि यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में ऐसी घटनाएं बढ़ सकती हैं. मामले में मंडी प्रशासन ने कहा है कि पुलिस को सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध करा दी गई है. फुटेज के आधार पर संदिग्ध युवकों की पहचान कर उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.

एक नजर में — पीड़िता ने एक युवक पर लगाए आरोप, पहले भी हो चुकी है युवक की शिकायत

मृतक जेठ की आईडी से फेसबुक पर अपलोड हुए अश्लील फोटो

शाजापुर, 14 जुलाई. जिस व्यक्ति की मौत हो चुकी है, उसके मोबाइल से चाची-भतीजी के अश्लील फोटो वायरल होने का मामला सामने आया है. मामले में पीड़िता ने एक युवक पर आरोप लगाया है. महिला के अनुसार युवक पहले भी ऐसी हरकत कर चुका है. पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है.

जानकारी के अनुसार अज्ञात आरोपी ने महिला के मृत जेठ की फेसबुक आईडी का इस्तेमाल कर उसकी नाबालिग भतीजी के साथ आपत्तिजनक बातों के साथ तस्वीरें पोस्ट की. पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 77 और 79 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. 35 वर्षीय पीड़िता ने पुलिस को बताया कि यह घटना 12 जुलाई की रात करीब 9.30 बजे के बीच हुई. उनके मृत जेठ मुकेश जाटव की फेसबुक आईडी से उनकी और उनके नाबालिग भतीजे की फोटो अपलोड कर आपत्तिजनक टिप्पणी के साथ पोस्ट की गई थी. पोस्ट रिश्तेदारों और परिचितों तक पहुंचने के बाद पीड़िता के पति को इसकी जानकारी मिली. परिजनों से पूछताछ के दौरान मृतक की फेसबुक आईडी और पासवर्ड एक मोबाइल में सेव मिला. पीड़िता ने बदनामी से बचने के लिए तुरंत पोस्ट का स्क्रीनशाट लिया और उसे हटा दिया. पीड़िता ने पुलिस को की गई शिकायत में इससे पहले भी महुपुरा निवासी जितेंद्र उर्फजीतू जाटव के खिलाफ इंस्टाग्राम पर ब्लैकमेल करने, अनैतिक संबंध बनाने का दबाव डालने और सोशल मीडिया पर बदनाम करने की धमकी देने का मामला दर्ज कराया गया था. उस मामले की विवेचना अभी जारी है और महिला ने आशंका जताई है कि वर्तमान घटना के पीछे भी वही व्यक्ति हो सकता है. महिला ने पुलिस से तकनीकी जांच कर दोषी की शीघ्र पहचान कर कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है. मामले में कोतवाली पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर सोशल मीडिया अकाउंट और अन्य तकनीकी साक्ष्यों की जांच शुरू कर दी है. पुलिस ने बताया कि जांच के बाद तथ्य सामने आने पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी.

जिला न्यायालय में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर 17 को

शाजापुर, 14 जुलाई. आनंदम नेत्रालय के सहयोग से 17 जुलाई को सुबह 10.30 बजे से जिला न्यायालय परिसर में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित होगा. शिविर का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर अध्यक्ष आनंद कुमार तिवारी के मुख्य आतिथ्य तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर सचिव श्रीमती नमिता बौरासी के मार्गदर्शन में किया जाएगा. शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञों द्वारा नि:शुल्क नेत्र परीक्षण, दृष्टि जांच, चश्मे के नंबर की जांच, सामान्य नेत्र रोगों की जांच तथा चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया जाएगा.